# हरियाणा विधान सभा

## अगस्त सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न

## 22 अगस्त 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### सड़क का निर्माण कार्य शुरू करना

***1 श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि चरखी दादरी से खैरड़ी मोड़ (दादरी–रोहतक सड़क) तक सड़क जीर्ण - शीर्ण अवस्था में है तथा हाल ही में इसके लिए निविदा आमंत्रित की गई है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की सम्भावना है?

----

### राजकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण

***2 श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) अग्रोहा में राजकीय महाविद्यालय किस वर्ष में शुरू किया गया तथा वर्तमान में यह किस भवन में चल रहा है;

(ख) अब तक इसके (उक्त राजकीय महाविद्यालय) अपने भवन का निर्माण न किए जाने के कारण क्या हैं; तथा

(ग) उपरोक्त महाविद्यालय के भवन का निर्माण कब तक किए जाने की सम्भावना है?

----

## आवेदकों की जमा राशि वापिस करना

***3 श्री कँवर सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2013–14 या उसके बाद आवासीय बोर्ड द्वारा एक्स सर्विसमैन को फ्लैट आवंटित करने के लिए चलाई गई योजना के अंतर्गत आवेदकों ने राशि जमा कराई थी, परन्तु अब तक उनमें से बहुतों को न तो फ्लैट आवंटित हुए हैं तथा न ही उनकी राशि वापिस की गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो ऐसे आवेदकों की संख्या कितनी है जिनकी राशि वापिस नहीं की गई तथा उनकी राशि कब तक वापिस किए जाने की सम्भावना है?

----

## अंडरपासों का निर्माण करना

***4 श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-—

(क) वर्तमान में नगर निगम, पानीपत द्वारा डिपॅाजिट वर्क के आधार पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरपासों की संख्या कितनी है तथा उनकी अनुमानित लागत क्या है;

(ख) रेलवे अंडरपासों की संख्या कितनी है जो पूर्ण हो चुके हैं; तथा

(ग) निर्माणाधीन रेलवे अंडरपासों का ब्यौरा क्या है तथा इनके कब तक निर्मित किए जाने की सम्भावना है?

----

## सड़कों की मरम्मत करना

***5 श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गोहाना–बरोदा–जुलाना सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है तथा इसकी मरम्मत के लिए अनुमान मुख्यालय को भेजा जा चुका है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए निधि कब तक स्वीकृत किए जाने की सम्भावना है तथा उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की सम्भावना है;

(ग) बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 12 फीट तथा 18 फीट चौड़ी सड़कों की संख्या कितनी है, जोकि बुरी अवस्था में हैं तथा इनकी मरम्मत कब तक किए जाने की सम्भावना है; तथा

(घ) क्या बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की 12 फीट चौड़ी सड़कों को 18 फीट तक चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**नया जिला पुस्तकालय स्थापित करना**

*6 **श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा फतेहाबाद शहर में नया जिला पुस्तकालय स्थापित करने की घोषणा की गई है;

(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त पुस्तकालय के निर्माण के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त पुस्तकालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की सम्भावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो इस पुस्तकालय की स्थापना के लिए भूमि को कब तक चिन्हित किए जाने की संभावना है?

----

**हरियाणा पुलिस में भर्ती की स्थिति**

*7 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लगने से तुरंत पहले, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 17 अगस्त, 2024 को हरियाणा पुलिस में 5600 पदों के लिए एक भर्ती सूचना जारी की गयी थी तथा इस भर्ती के लिए आवेदन भी निवेदित किए गए थे; तथा

(ख) यदि हां, तो अब तक ऊपरवर्णित भर्ती की प्रक्रिया शुरू न किए जाने के कारण क्या हैं तथा सरकार द्वारा उपरोक्त भर्ती की प्रक्रिया के सम्बन्ध में क्या पग उठाये जा रहे हैं?

----

**गांवों से नियम 7-ए को हटाना**

***8 श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-—

(क) क्या यह तथ्य है कि कोसली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के कोसली, भाकली, नठेडा, कान्हड़वास, भुरथला तथा सहादतनगर गांवो में ग्राम पंचायतें मौजूद हैं परन्तु यहाँ पर नगरपालिका नहीं है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि इन गांवों में नियम 7-ए लागू है जिसके कारण किसान अपनी भूमि की बिक्री या खरीद नहीं कर सकते हैं; तथा

(ग) क्या उपरोक्त गांवों से नियम 7-ए को हटाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो इसके कब तक हटाये जाने की संभावना है?

----

## जलभराव की समस्या का समाधान करना

***9 श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम के दौरान बल्लभगढ़ के सेक्टर-22, सेक्टर-23, संजय कॉलोनी तथा बल्लभगढ़-सोहना मार्ग, सेक्टर-55 टी-प्वाइंट से सेक्टर -22, तक जलभराव होता है, जिसके कारण सेक्टर तथा कॉलोनीवासियों के घरों में एक फुट तक पानी भर जाता है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए नगर निगम द्वारा नियोजित उपायों का ब्यौरा क्या है ?

----

## जल निकासी व सीवरेज ढांचो को अपग्रेड करना

***10 चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि —

(क) बरसात के मौसम के दौरान जगाधरी शहर में जलभराव को रोकने के लिए सीवरेज व जल निकासी ढांचे को अपग्रेड करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; तथा

(ख) इस सम्बन्ध में किसी प्रस्तावित समाधान के कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

----

## ट्रैक का निर्माण तथा लाइटें लगाना

***11 श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या हांसी शहर में सिसाई पुल पर नहर के साथ-साथ बगी लोट सड़क पर ट्रैक का निर्माण तथा लाइटें लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

## अस्पताल में सहायक अमले की कमी

***12 श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल, यमुनानगर को 200 बिस्तरों की सुविधा के साथ अपग्रेड किया गया है, परन्तु सहायक अमला (चतुर्थ श्रेणी/ ग्रुप-डी कर्मचारी) अब भी पूर्वानुसार 100 बिस्तरों की स्थिति के अनुसार ही स्वीकृत हैं;

(ख) उक्त अस्पताल में स्वीकृत एवं कार्यरत एच.के.आर.एन. कर्मचारियों की संख्या कितनी है तथा कितनी कमी है; तथा

(ग) उपरोक्त अस्पताल में सहायक अमले की शेष रिक्तियों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## भम्भूर माइनर का निर्माण करना

***13 श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या रानियां विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सिंचाई के पानी की कमी को पूरा करने के लिए भम्भूर माइनर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## धमकी एवं वसूली के मामलों की संख्या

***14 श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :—

(क) गत वर्ष के दौरान राज्य में फोन कॉल द्वारा धमकियों एवं वसूली से सम्बन्धित कितने मामले दर्ज हुए हैं तथा उनमें से कितने मामलों में सरकार द्वारा गिरफ्तारियां की गई हैं; तथा

(ख) क्या सरकार के पास कॉल इंटरसेप्शन या साइबर निगरानी के लिए कोई प्रभावी प्रणाली है?

----

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.) स्थापित करना**

***15 श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि भारत सरकार द्वारा राज्य में एक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.) स्थापित करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है;

(ख) क्या उक्त आई.आई.टी. की स्थापना जिला चरखी दादरी, विशेषकर बाढडा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जोकि वर्तमान में किसी भी उच्चतर शिक्षा संस्थान से वंचित है; तथा

(ग) यदि हां, तो इसके कब तक स्थापित किए जाने की सम्भावना है?

----

**राजकीय महाविद्यालय के भवन का निर्माण करना**

***16 श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि जिला हिसार में बालसमन्द राजकीय महाविद्यालय शुरू से ही एक प्राथमिक विद्यालय के भवन में चल रहा है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो क्या उपरोक्त महाविद्यालय के भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त महाविद्यालय का निर्माण कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**सड़कों की मरम्मत के लिए की गई कार्रवाई**

***17 श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि —

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा राज्य की सभी सड़कों की मरम्मत जून, 2025 तक करने की घोषणा की गई थी;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा उपरोक्त घोषणा को पूरा किया गया है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं तथा मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली सड़कों की मरम्मत की स्थिति क्या है?

----

**अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करना**

***18 श्री सतीश कुमार फागना (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या फरीदाबाद एन.आई.टी. विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इन सभी कॉलोनियों को कब तक नियमित किए जाने की संभावना है तथा उनका ब्यौरा क्या है?

----

**पुलिया का निर्माण कार्य पूरा करना**

***19 श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि साढौरा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में पाबनी सड़क पर पुलिया निर्माण का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

**ऑटो मार्केट की समस्या का समाधान करना**

***20 श्री गोकुल सेतिया ( सिरसा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि : -

(क) क्या यह तथ्य है कि सिरसा ऑटो मार्केट का विकास लम्बे समय से उपेक्षित है तथा मार्केट में सड़कें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, बरसात में जलभराव होता है तथा कूड़ा खुले में फेंका जाता है; तथा

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इन समस्याओं का समाधान करने के लिए क्या पग उठाए

गए हैं या उठाए जाने की सम्भावना हैं?

----